आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 सोमवार 24.03.2025

मुख्य समाचारः–

1– राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित लोगों को मुख्यधारा में लाने का काम अपने अंतिम चरण में पहुंचा–राष्ट्रपति ने आज रायपुर में छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती समारोह को संबोधित किया।

2– केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि केन्द्र सरकार ने प्याज पर बीस प्रतिशत निर्यात शुल्क समाप्त कर दिया है।

3– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अधिकारियों को गर्मियों के मद्देनजर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की आसान उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा।

4– आज विश्व तपेदिक दिवस है। इस अवसर पर जागरूकता के हो रहे हैं विभिन्न कार्यक्रम।

राष्ट्रपति–छत्तीसगढ़ विधानसभा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित लोगों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य अंतिम और निर्णायक दौर में पहुंच गया है। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लोग विकास के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहते हैं। आज रायपुर में छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुए उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि छत्तीसगढ़ को उग्रवाद से पूर्णतया मुक्त करने के प्रयास में राज्य के लोगों को शीघ्र ही सफलता प्राप्त होगी और राज्य के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ेगा।

राष्ट्रपति ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर बल देते हुए कहा कि राज्य को आधुनिक विकास के मार्ग पर आगे बढ़ने के साथ–साथ पर्यावरण का संरक्षण भी सुनिश्चित करना है। राज्य के नीति–निर्माताओं पर विकास और प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित करने की ज़िम्मेदारी है। इसके साथ ही समाज के सभी वर्गों को आधुनिक विकास–यात्रा से जोड़ना भी जरूरी है ।

राष्ट्रपति ने महिला विधायकों का आवाहन किया कि वे जीवन के हर क्षेत्र में कार्यरत अन्य सभी महिलाओं को आगे बढ़ाने में सदैव तत्पर रहें। उन्होंने कहा कि जब सभी महिलाएं एक–दूसरे को सशक्त बनाएंगी तब हमारा समाज और भी अधिक मजबूत और संवेदनशील बनेगा।

समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि विधानसभा के रजत जयंती वर्ष ने हमें एक नई ऊर्जा दी है। उन्होंने कहा कि हमारा सामूहिक संकल्प होना चाहिए कि छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया की पहचान को बनाए रखते हुए राज्य को समान अवसर, सर्वांगीण समृद्धि और सांस्कृतिक गरिमा से युक्त विकसित छत्तीसगढ़ के रूप में आगे ले जाएं।

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ विधानसभा की पच्चीस वर्ष की यात्रा को लोकतांत्रिक मूल्यों की सुदृढ़ता की यात्रा बताया। उन्होंने कहा कि सदन में 'स्वअनुशासन' की परंपरा स्थापित की गई, जहां सदस्यों ने स्वयं बनाए नियमों का पालन कर पूरे देश के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया। डॉक्टर सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा ने संसदीय गतिविधियों के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहचान बनाई है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि वर्ष दो हजार में भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में बने छत्तीसगढ़ का रजत वर्ष संयोग से उनके जन्मशताब्दी वर्ष में पड़ रहा है, जिसे हम अटल निर्माण वर्ष के रूप में मना रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी विधानसभा की पच्चीस वर्षों की यात्रा लोकतंत्र की सुदृढ़ परंपराओं की प्रतीक है।

नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने राष्ट्रपति की उपस्थिति को ऐतिहासिक बताते हुए आभार व्यक्त किया और कहा कि हम सब उनके वचनों से प्रेरणा लेकर छत्तीसगढ़ के विकास के लिए एकजुटता से कार्य करेंगे।

समारोह के दौरान "सदस्य संदर्भ" शीर्षक वाली एक पुस्तक का भी विमोचन किया गया। राष्ट्रपति ने राज्य विधानसभा परिसर में कदम्ब का पौधारोपण भी किया।

रजत जयंती समारोह के अवसर पर राज्य सरकार के मंत्री और विधानसभा के सभी सदस्य उपस्थित थे।

प्याज–निर्यात शुल्क

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि केन्द्र सरकार ने प्याज पर बीस प्रतिशत निर्यात शुल्क समाप्त कर दिया है। नई दिल्ली में आज श्री चौहान ने कहा कि प्याज पर निर्यात शुल्क समाप्त होने से किसानों की उपज बिना शुल्क के वैश्विक बाजारों में पहुंच सकेगी और उन्हें अधिक मूल्य मिल सकेगा।

मुख्यमंत्री–समीक्षा बैठक

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मंत्रालय में जल संसाधन और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को गर्मियों के मद्देनजर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की आसान उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। मुख्यमंत्री ने पन्द्रह दिनों के भीतर अभियान चलाकर खराब हैंडपंपों और सार्वजनिक नलों को सुधारे जाने के निर्देश दिए।

विश्व तपेदिक दिवस

आज विश्व तपेदिक दिवस है। टीबी के बारे में जागरूकता लाने और वैश्विक स्तर पर इसके उन्मूलन के प्रयास तेज करने के लिए प्रत्येक वर्ष चौबीस मार्च को यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम है "हां, हम क्षय रोग का खात्मा कर सकते हैं: प्रतिबद्धता, निवेश और परिणामी प्रयास"।

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर लोगों से इस रोग को खत्म करने और स्वास्थ्य में सुधार के लिए अपनी प्रतिबद्धता का आह्वान किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में स्वास्थ्य मंत्री ने इस बीमारी से निपटने में सरकार के प्रयासों के बारे में बताया। राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सौ दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान और निक्षय पोषण योजना के तहत टीबी रोगियों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता पांच सौ रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर एक हजार रुपये प्रतिमाह कर दी गई है। श्री नड्डा ने टीबी रोगियों को व्यापक सहायता प्रदान करने वाले सभी स्वास्थ्य कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

उच्च न्यायालय–बस स्टैंड सुनवाई

कोंडागांव जिले में करोड़ों रुपये की लागत से बनाए गए अंतर्राज्यीय बस स्टैंड की बदहाली को लेकर दायर जनहित याचिका पर आज छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा और न्यायमूर्ति रविंद्र कुमार अग्रवाल की खंडपीठ ने बस स्टैंड की दुर्दशा पर नाराजगी जताते हुए नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव और कोंडागांव नगर निगम आयुक्त को व्यक्तिगत शपथ पत्र के साथ जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। अब इस मामले की अगली सुनवाई सोलह अप्रैल को होगी।

गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा छह करोड़ इंक्यावन लाख रुपये की लागत से इस बस स्टैंड का निर्माण किया गया है, लेकिन यह दो वर्षों से बिना उपयोग के बंद पड़ा है।

रेरा–बिल्डर जुर्माना

छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण–रेरा ने अनियमितता के मामले में एक बिल्डर पर सख्त कार्रवाई करते हुए दस लाख रुपए का आर्थिक दंड लगाया है। रेरा के नियम के मुताबिक प्रमोटर भू–संपदा की लागत की दस प्रतिशत से अधिक राशि अग्रिम या किसी फीस के रूप में लिखित करार किये बिना स्वीकार नहीं करेगा। रेरा की जांच में यह पुष्टि हुई कि प्रमोटर प्राइम डेव्हलपर्स ने अनुबंध किये बिना जमीन खरीदने वालों से भू–संपदा लागत की दस प्रतिशत से अधिक धनराशि प्राप्त की, जो अधिनियम के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लघंन है।

आकाशवाणी कार्यक्रम

आकाशवाणी रायपुर से कल ''छत्तीसगढ़ी लोक गीतों में पर्यावरण चेतना'' रूपक का प्रसारण किया जाएगा। यह कार्यक्रम कल सुबह दस बजे इसे आकाशवाणी के एफ.एम. और मीडियम वेव दोनों ही चैनल में सुना जा सकता है।

मौसम

एक द्रोणिका दक्षिण छत्तीसगढ से केरल तक विस्तारित है। इसके प्रभाव से प्रदेश के तापमान में हल्की वृद्धि के दौर की शुरूआत होगी। मौसम विभाग के अनुसार तापमान में बढ़ोतरी के लगातार बने रहने की संभावना है। प्रदेश में कल मौसम शुष्क रहेगा।

संक्षिप्त समाचार

– नारायणपुर जिले के माओवाद प्रभावित अबूझमाड़ क्षेत्र अंतर्गत ''बेड़माकोटी'' में सुरक्षा बलो ने नया सुरक्षा और जन सुविधा कैम्प स्थापित किया है। अबूझमाड़ क्षेत्र में एक साल के भीतर यह दसवां सुरक्षा कैम्प है।

– बालोद जिले में पुलिस ने तहसीलदार से लूट के चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से नगद रकम के साथ ही चाकू और घटना में प्रयुक्त ऑटो जब्त किया है। यह घटना बीते बाईस मार्च को हुई थी।

– रेलवे द्वारा नागपुर और हावड़ा के बीच एक फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। यह ट्रेन नागपुर से पच्चीस मार्च को और हावड़ा से अट्ठाईस मार्च को चलेगी।

– दंतेवाड़ा जिले के बैलाडीला क्षेत्र के तीन लौह अयस्क ब्लॉक और कांकेर जिले के हाहालद्दी लौह अयस्क ब्लॉक की ई–नीलामी आज से शुरू हो गई है।

– कोरबा जिले के ग्राम लमना में आज सड़क हादसे में एक शिक्षक की मौत हो गई। यह शिक्षक नवापारा स्कूल से परीक्षा संपन्न करा कर हाईस्कूल में पेपर जमा करने जा रहे थे, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने उन्हें ठोकर मार दी।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>